कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

:: कार्यालय आदेश ::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा–मा/सी–5/स्थानांतरण/भूगोल/2019–20/1–575 दिनांक–29.09.2019 के तहत् गजानंद लखमरा व्याख्याता, भूगोल राउमावि सरना डूंगर झोटवाडा जयपुर को राउमावि. वाजवाना बांसवाडा एवं श्री सुरेश कुमार टोडावत व्याख्याता भूगोल राउमावि. संग्रामगढ भीलवाडा को राउमावि. सरना डूंगर झोटवाडा, जयपुर में स्थानांतरित किया गया था। उक्त स्थानांतरण आदेश के विरूद्व गजानंद लखमरा द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर में याचिका संख्या 20225/19 गजानंद लखमरा, बनाम निदेशक माध्यमिक राजस्थान बीकानेर व अन्य दायर की गई।

याचिका संख्या 20225/19 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित अन्तरिम आदेश दिनांक 19.12.19 द्वारा विभागीय आलोच्य स्थानातंरण आदेश दिनांक 29.9.19 का प्रभाव एवं क्रियान्वयन याचिकार्थी गजानंद लखमरा के संबंध में माननीय न्यायालय के आगामी आदेश तक स्थगित किया गया हैं।

अतः माननीय उच्च न्यायालय के उक्त अन्तरिम आदेश की अनुपालना में विभागीय आक्षेपित स्थानातंरण आदेश दिनांक 29.9.19 को याचिकार्थी गजानंद लखमरा के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय के आगामी आदेश तक स्थगित किया जाता है, जिसके फलस्वरूप गजानंद लखमरा माननीय उच्च न्यायालय के आगामी/अंतिम निर्णय के अध्यधीन राउमावि. सरना डुंगर झोटवाडा, जयपुर में व्याख्याता भूगोल के पद पर पदस्थापित रहेंगे एवं दोहरा पदस्थापन की स्थिति उत्पन्न हो जाने के कारण सुरेश कुमार टोडावत व्याख्याता भूगोल का समायोजन राउमावि देवलिया, सांगानेर, जयपुर (218244) किया जाता हैं।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–5/स्थगन/2019–20/188 दिनांकः–25/02/2020

- प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

01. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, जयपुर
02. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
03. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा।
04. संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा, को सूचनार्थ
05. संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा को निर्देशित किया जाता है कि वे आदेश की पालना तत्काल सुनिश्चित करावें।
06. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर।
07. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
08. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
09. संबंधित प्राधानाचार्य/कार्मिक/रक्षित पत्रावली

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर